# राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, ओबरा ,सोनभद्र

## अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्रों हेतु हॉस्टल आवंटन संबंधी सूचना

## सत्र 2024 -25

दिनांक :- 09.12.2024

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ओबरा,सोनभद्र के अन्य पिछड़ा वर्ग के संस्थागत छात्रों को सूचित किया जाता है कि हॉस्टल में रहने के इच्छुक छात्र महाविद्यालय की वेबसाइट(Website) http://www.gpgcobra.ac.in/ से हॉस्टल का फॉर्म डाउनलोड करके उसे सुंदर राइटिंग में भरकर उसकी हार्ड कॉपी समस्त संलग्नकों सहित महाविद्यालय के कार्यालय में दिनांक : 20.12.2024 तक अवश्य जमा कर दें।

| | | |
|---|---|---|
| (प्रो०प्रमोद कुमार) | (डॉ०विजय प्रताप यादव) | (डॉ० अमूल्य कुमार सिंह) |
| प्राचार्य | सहायक प्रशासनिक गृहपति | मुख्य प्रशासनिक गृहपति |

# राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, ओबरा, सोनभद्र, उ०प्र०

( सम्बद्ध:-महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी )

(पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा निर्मित छात्रावास में अन्य पिछड़े वर्ग के छात्रों हेतु प्रवेश आवेदन-पत्र)

नोट :- आवेदन पत्र अपूर्ण न छोड़े । अपूर्ण आवेदन पत्र पर विचार नही किया जाएगा ।

कक्षा .......................... भाग................ सत्र..2024-25

नवीनतम पासपोर्ट साइज फ़ोटो

1- छात्र का नाम :--...........................................

2- पिता का नाम :--.............................................

3- माता का नाम :---.............................................

4- जन्म तिथि :---................................................

5- जाति वर्ग :-......................... उपजाति.................

6- स्थायी पता ( वर्तमान निवास प्रमाण-पत्र संलग्न करें ):----

ग्राम.....................................पोस्ट....................................थाना...... ............ ...........

तहसील.................... .जिला..................... .राज्य...................... .पिनकोड.................

7 – स्थानीय अभिभावक का नाम :---........................................................ सम्बन्ध.......

8-स्थानीय पता :---.....................................................................

9- विगत वर्ष के विद्यालय/कॉलेज का नाम................

10- विगत वर्ष का परीक्षाफल :- पूर्णांक.......... . प्राप्तांक ............ .प्रतिशत.......

11- पिता/माता/अभिभावक का व्यवसाय.................... ..वार्षिक आय..........

12- उत्तर प्रदेश में निवास की अवधि.............

13-स्थायी निवास से महाविद्यालय की दूरी ( किमी०में )................

14- छात्र का मोबाइल नम्बर..................................पिता का मोबाइल नम्बर....................

15- छात्र का आधार नम्बर :--................................ पिता का आधार नम्बर ................

तिथि ......... छात्र का पूरा हस्ताक्षर

## छात्र द्वारा प्रतिज्ञा पत्र

मैं................................................पुत्र..........................................कक्षा............

छात्रावास के संपूर्ण नियम पालन करने की प्रतिज्ञा करता हूं कि आवेदन पत्र में दी गई संपूर्ण सूचना सत्य एवं सही है । कोई भी विवरण असत्य पाए जाने पर मुझे छात्रावास से निष्कासित व अन्य नियमानुसार देयदंड स्वीकार होगा।

दिनांक.........................                                        छात्र का पूरा हस्ताक्षर

## विभागाध्यक्ष की संस्तुति

श्री ................................................पुत्र श्री......................................... कक्षा.................. खण्ड...................का........................... विभाग में प्रवेश हो चुका है । मेरी संस्तुति है कि इनको छात्रावास में प्रवेश दिया जा सकता है। प्रवेश शुल्क रसीद संख्या............... .तिथि.............

दिनांक...................                                        विभागाध्यक्ष के हस्ताक्षर व मुहर

## कुलानुशासक की संस्तुति

श्री.........................................पुत्र.....................................        कक्षा...........

खण्ड............. का आचरण संतोषजनक है । मेरी संस्तुति है कि इनको छात्रावास में प्रवेश दिया जा सकता है ।

दिनांक :---                                        कुलानुशासक के हस्ताक्षर व मुहर

| | | |
|---|---|---|
| (प्रो०प्रमोद कुमार) | (डॉ०विजय प्रताप यादव) | (डॉ० अमूल्य कुमार सिंह) |
| प्राचार्य | सहायक प्रशासनिक गृहपति | मुख्य प्रशासनिक गृहपति |

हास्टल आवंटन की सूची प्रकाशित होने के बाद ₹10/= के स्टांप पर नोटरी द्वारा प्रमाणित पिता/माता/अभिभावक का शपथ पत्र निर्धारित प्रारूप पर जमा करना होगा------

## पिता/माता/अभिभावक का शपथ-पत्र

★ मेरा पुत्र ..............................................................राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, ओबरा, सोनभद्र में कक्षा ..................................में संस्थागत छात्र के रूप में अध्ययनरत हैं ।

★★ मैं अपने पुत्र ..........................................कक्षा............................ के लिए महाविद्यालय के हास्टल में रहकर अध्ययन करने की सुविधा दिलाना चाहता हूँ ।

★★★ महाविद्यालय के छात्रावास सम्बन्धी सभी नियम व शर्तें मुझे मान्य है तथा मेरे पुत्र /पाल्य द्वारा किसी प्रकार की अनुशासनहीनता पाये जाने की स्थिति में महाविद्यालय द्वारा जो निर्णय लिया जाएगा मुझे मान्य होगा

दिनांक .............                                        पिता /माता/अभिभावक के हस्ताक्षर

### (कार्यालय द्वारा भरा जाय)

1- छात्रावास शुल्क जमा करने की रसीद संख्या :--................................. तिथि...................
2- छात्र का नाम ..............                    कक्षा ................
3- छात्रावास का नाम :--..................................................... ..आवंटित कक्ष संख्या.............

कार्यालय प्रभारी के हस्ताक्षर        सहायक गृहपति के हस्ताक्षर        मुख्य गृहपति के हस्ताक्षर

### हास्टल आवेदन फॉर्म के साथ निम्न प्रणाम-पत्र संलग्न करे.........

1- वर्तमान सत्र के प्रवेश की फीस रसीद ।
2- वर्तमान सत्र का ग्रीन कार्ड ।
3- पिछले सत्र का अंक पत्र ।
4- वर्तमान सत्र का निवास प्रमाण-पत्र ।
5- वर्तमान सत्र का आय प्रमाण पत्र ।
6- जाति प्रमाण-पत्र
7- आधार कार्ड ।

# राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, ओबरा, सोनभद्र

## [ अन्य पिछड़ा वर्ग छात्रावास-नियमावली ]

**महाविद्यालय में पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा निर्मित कराए गए छात्रावास के सत्र 2024-25में समुचित प्रबंधन एवं संचालन हेतु प्राचार्य की अध्यक्षता में एक बैठक हुई जिसमें निम्नलिखित नियम बनाए गये व निर्णय लिए गए........**

1- छात्रावास में राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ओबरा सोनभद्र के अन्य पिछड़ा वर्ग के संस्थागत छात्र ही छात्रावास आवंटन के पात्र होंगे । स्नातक कक्षा के छात्र अधिकतम 3 वर्ष एवं स्नातकोत्तर कक्षा के छात्र  अधिकतम 2 वर्ष छात्रावास में रह सकेंगे । हास्टल भूतपूर्व विद्यार्थी को आवंटन नहीं किया जाएगा । छात्रावास आवंटन का नवीनीकरण प्रत्येक वर्ष किया जाएगा ।

2 - छात्रावास में प्रवेश के लिए निर्धारित छात्रावास प्रवेश आवेदन पत्र पूर्ण रूप से स्पष्ट भरकर निश्चित तिथि तक जमा करना होगा ।

3- छात्रावास का  शुल्क ₹2400/= 【रुपए दो हजार  चार सौ मात्र 】 प्रति छात्र प्रति वर्ष होगा ।

छात्रावास शुल्क की धनराशि छात्रावास के रख-रखाव पर व्यय की जाएगी। जमा किया हुआ शुल्क किसी भी दशा में वापस नहीं किया जाएगा । उपरोक्त शुल्क की दर शासन / छात्रावास प्रबंध समिति द्वारा इस संबंध में किए गए परिवर्तन के अधीन होगी ।

4- वार्डेन या प्राचार्य द्वारा छात्रावास के संचालन रख-रखाव अनुशासन आदि से संबंधित समय-समय पर निर्गत आदेशों , निर्देशों निर्धारित प्रक्रियाओं का अनुपालन करना , छात्रावास में निवास करने वाले छात्रों के लिए बाध्यकारी होगा ।

5- छात्रावास में निवास करने वाले छात्र द्वारा किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता व नियमों की अवहेलना करने पर संबंधित छात्र के विरुद्ध प्राचार्य द्वारा समुचित कार्रवाई की जाएगी ।

6-छात्रावास में बिजली का हीटर अथवा किसी प्रतिबंधित पदार्थ उपकरण आदि का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है , ऐसा करने पर संबंधित छात्र के विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाही की जाएगी

7-छात्रावास में किसी बाहरी व्यक्ति का प्रवेश पूर्णतया वर्जित होगा अभिभावक से मिलने की सूचना भी वार्डन को देनी होगी ।

8- छात्रावास में साथियों के साथ बैठक करना , हल्ला करना , छात्रावास की संपत्ति को क्षतिग्रस्त करना ,  अनुशासनहीनता है । जो दंडनीय है ।

9 - मुख्यालय से बाहर जाने पर छात्रावास के वार्डन को सूचित करना अनिवार्य होगा ।

10- छात्रावास में छात्रों की सहमति पर नो प्रॉफिट नो लॉस के आधार पर मेस की व्यवस्था की जा सकती है ।

11- आग्नेयास्त्र या अन्य हथियार या प्रतिबंधित हथियार या लाइसेंसी हथियार रखना वर्जित होगा ।

12- छात्र के विरुद्ध आपराधिक मुकदमा होने की स्थिति में आवंटन रद्द कर दिया जाएगा या आवंटन नहीं होगा ।

13- छात्रावास के छात्र को अपनी कक्षा की लिखित परीक्षा समाप्त होने पर छात्रावास खाली करना होगा । वार्षिक परीक्षा प्रारंभ होने के उपरांत छात्रावास की प्रक्रिया प्रारंभ नहीं की जाएगी ।

14- वार्डेन को लिखित अनुमति के बिना कोई भी छात्र छात्रावास छोड़कर निर्धारित समय के बाद छात्रावास से बाहर नहीं जाएगा । छात्रावास से बाहर जाने की अनुमति वार्डेन द्वारा दी जाएगी ।

15- एन.सी.सी., एन.एस. एस. या विभिन्न प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु छात्रावास से बाहर रहने की सूचना छात्रावास के वार्डेन को लिखित रूप में देनी होगी ।

16- बिना लिखित पूर्व अनुमति के हॉस्टल छोड़कर अन्यत्र निवासी छात्र के विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाही की जाएगी ।

17- छात्रावास में मोटरसाइकिल इत्यादि रखने की अनुमति लेनी होगी ।

18-महाविद्यालय द्वारा छात्रावास में प्रतिबंधित वस्तुओं के अतिरिक्त अन्य सामान्य दैनिक वस्तुओं को छात्र की जिम्मेदारी पर रख सकते हैं ।

19-छात्रावासी छात्रों के लिए छात्रावास में मद्यपान, धुम्रपान या ड्रग्स लेना पूर्णतया वर्जित होगा । इन वस्तुओं को रखने मात्र पर भी छात्र के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी ।

20- छात्रावास के बाहर या भीतर रैगिंग करना पूर्णतया वर्जित ।

21- छात्रावास की संपत्ति, फर्नीचर इत्यादि को किसी भी प्रकार की क्षति पहुंचाने पर छात्र के विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाही की जाएगी तथा संबंधित छात्र को क्षतिपूर्ति करनी होगी ।

22- छात्रावासी छात्र द्वारा हिंसात्मक कार्रवाई में लिप्त होना , अनैतिक कार्य करना दंडनीय है ।

23--प्राचार्य द्वारा दोषी छात्र को हास्टल से निष्कासित किया जा सकता है ।

24- आवंटित छात्र को हास्टल के किसी भी सामान का दुरुपयोग करना दंडनीय होगा । छात्र के अनुशासन में रहने ,बिजली,फर्नीचर आदि का दुरुपयोग न करने का अंडरटेकिंग देना अनिवार्य होगा ।

25 - प्राचार्य को किसी भी प्रकार की दशा में छात्रावास पूर्ण रूप से खाली कराने का अधिकार होगा ।

26- छात्रावास में समस्या उत्पन्न होने पर छात्र उसकी सूचना तत्काल मुख्य प्रशासनिक वार्डेन को देंगे।

27-पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुरूप छात्रावास में एक चौकीदार एवं सफाई कर्मी की नियुक्ति दैनिक मजदूर के रूप में की जाएगी ।

*******

# कुछ महत्वपूर्ण अंश

## हास्टल के आवासित छात्रों हेतु आवश्यक निर्देश :--

1—हास्टल अन्य पिछड़ा वर्ग के गरीब और 50 किलोमीटर से अधिक दूरी से आने वाले छात्रों को ही आवंटित होगा ।

2- हास्टल में मिल-जुल कर रहें ।

3—हास्टल में शान्ति बनाये रखें ।

4—हास्टल को स्वयं साफ-सुथरा रखें ।

5—हास्टल में विद्‌युत हीटर का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है ।

6—हास्टल में धूम्रपान करना पूर्णतया वर्जित है ।

7—हास्टल में बाहरी व्यक्तियों का प्रवेश पूर्णतया निषिद्‌ध है ।

8—हास्टल का मुख्य गेट रात्रि 10 बजे बन्द होगा और सुबह 6 बजे खुलेगा ।

9—हास्टल में सुबह उठकर योग/ध्यान /व्यायाम अवश्य करें ।

10—हास्टल में किसी भी प्रकार की असुविधा/समस्या होने पर तत्काल वार्डेन को सूचित करें ।

11–पिछली कक्षा में अनुत्तीर्ण होने पर अगले वर्ष हॉस्टल आवंटन नहीं होगा ।

उक्त नियम का पालन न करने पर हॉस्टल से निष्कासित कर दिया जाएगा ।